फर्रुखाबाद - थाना क्षेत्र नवाबगंज की एक 18 वर्षीय लड़की की लाश थाना क्षेत्र मै ही मक्के के खेत मै मिली, सूचना मिलने पर सनसनी फैल गई,
सूचना पर परिजन व पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा.। थाना क्षेत्र नवाबगंज की 18 वर्षीय लड़की उसके परिजनों के अनुसार कल दिन मै 10 बजे घर से दबाई लेने की बात कह कर निकली थी उसके बाद घर नहीं लौटी परिजनों ने इधर उधर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला लड़की का प्रेम प्रशंग भी बताया गया है. मौके पर पहुंचे स्क्कअशोक मीणा ने बताया कि जो परिजनों ने शक जाहिर किया है सभी बिन्दुओ पर जाँच कि जा रही है पुलिस कि तीन टीमों को लगाया गया है

# डग्गामार बसें रोडवेज को लगा रहीं लाखों का चूना

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-रोडवेज बस स्टैंड पर कई दर्जन डग्गामार बसें खुलेआम खड़ी होकर सवारियों को बैठा रही है। इसके चलते एटा डिपो को प्रतिदिन तीन लाख रुपये तक का उठाना पड़ रहा है। परिवहन विभाग से कॉन्ट्रेक्ट केरिज का परमिट मिला होने के बाद भी 50 से 55 डग्गामार बसें पूरे रौब और रुतबे के साथ प्रतिदिन रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ी हो रही है। वहीं आगरा, फर्रूखाबाद और कासगंज रूट की सवारियों को बैठाकर धड़ल्ले से मार्गों पर दौड़ रही है। इन सभी बसों के कारण एटा डिपो को प्रतिदिन तीन लाख रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। डग्गामार बस संचालक सवारियों से मनमाना किराया वसूल कर रहे है। डग्गामार बसों के संचालक बस स्टैंड के बाहर मार्ग के बीचों बीच बसों को खड़ाकर सवारियों को बैठा रहे है। ट्रेफिक पुलिस कर्मियों के सामने सरेआम डग्गार बसें खड़ी होने के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। तीन लाख का रोजाना हो रहा नुकसान एटा। एटा डिपो एआरएम राजेश यादव ने बताया कि दिल्ली, आगरा, फर्रूखाबाद, कासगंज, बदायूं रूट पर प्रतिदिन 55 से अधिक डग्गामार बसें दौड़ रही है। यह सभी बसें रोडवेज बस स्टैंड से सवारियों को बैठाकर रूटों पर दौड़ रही है। उन्होंने बताया कि सभी डग्गामार बसों के कारण एटा डिपो की आय में प्रतिदिन तीन लाख तक की कमी बनी हुई है।
एआरएम ने बताया कि डग्गामार बसों के संचालक आए दिन रोडवेज बसों के चालक, परिचालकों के साथ मारपीट करते रहते है। परिवहन विभाग के अधिकारियों को समस्या के बारे में अनेकों बार बताया गया है। फिर भी डग्गामार बसों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# सात में से चार अमृत सरोवर सूखे, प्रशासन बेखबर

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मारहरा, ।ब्लॉक मारहरा क्षेत्र में सात तालाबों को अमृत सरोवर में बदलाव किया गया। बारिश जल संयचन योजना धरातल पर बड़ा रूप ले सके। पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के साथ गांवों के जलस्तर में सुधार हो सके। ग्राम प्रधान और प्रशासन की बेरुखी से यह अमृत सरोवर सूखे पड़े हैं। मारहरा के अमृत सरोवरों की पड़ताल में अवैध कब्जा एवं सफाई कार्य न कराने की बात सामने आई है। पंचायतों में तालाबों को अमृत सरोवर का नाम मिलने पर वाहवाही लूटने वाले ग्राम प्रधानों ने दो वर्ष पूर्व सफाई कार्य कराकर इतिश्री कर ली। इस कारण अमृत सरोवरों में झाड़ियां उग चुकी हैं। मिरहची स्थित तालाब पर पूर्ण रूप से अवैध कब्जा हो चुका है। जबकि पिदौरा के तालाब की सफाई तक नहीं कराई गई है। इसी तरह मोहनसती गांव में तालाब खतौनी अभिलेखों में दिखाई पड़ रहा है। मौके पर बस्ती नजर आ रही है। पंचायतों में बने अमृत सरोवरों में पानी गिराने की सुविधा किसी पंचायत पर नहीं दिखाई दे रही है। बजट में सफाई से लेकर पानी भरने तक का प्रावधान शासन की ओर दिया गया है। एक ओर राज्य सरकार तालाबों के जीर्णोद्वार एवं सौंदर्यीकरण पर भरपूर जोर दे रही है।
पशु-पक्षी प्यास से हो रहे व्याकुल हर समय पानी रहने वाले अमृत सरोवरों में पानी न होने से पशु-पक्षी प्यास बुझाने के लिए व्याकुल हो रहे हैं। प्रशासन की घोर लापरवाही से अमृत सरोबर योजना में जल संयचन पर ग्रहण लग रहा है। चार अमृत सरोवर सूखे पडे हैं। बाकी तालाबों पर सफाई कार्य तक नहीं कराया गया है। नौजरपुर के तालाब में बन गईं झाड़ियां ग्राम पंचायत नौजरपुर के गांव समोखर में तालाब पिछले दो वर्षों से सफाई कार्य न होने के कारण किनारों पर झाड़ियां उग आई हैं। बरसात के मौसम में ही इस तालाब में पानी भरता है। बाकी दिनों में सूखा रहता है

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# तीन महीनों में सील क्लीनिक वालों ने ऐसा कौन सी डिग्री ले ली जो खोल दिए गए

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-स्वास्थ्य विभाग ने मार्च, अप्रैल, मई में अभियान चलाकर लगभग 50 से अधिक अपंजीकृत अस्पताल, क्लीनिकों, पैथोलॉजी को सील करने की कार्रवाई की थी। तीन महीनों में सील क्लीनिक वालों ने ऐसा कौन सी डिग्री ले ली जो खोल दिए गए। विभाग के उच्चाधिकारियों का दावा है कि सभी नहीं खोले गए हैं। बीते तीन माह में नोडल अधिकारी डा. सर्वेश कुमार के नेतृत्व में आठ ब्लॉकों में अपंजीकृत अस्पताल, क्लीनिक, पैथोलॉजी संचालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। तीन माह चले अभियान में अलीगंज, जैथरा, निधौलीकलां, सकीट, मिरहची, मारहरा, जलेसर, अवागढ़ और शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगभग 50 अस्पताल, क्लीनिक सील किए गए थे। इसके अलावा तीन से चार दर्जन अपंजीकृतों को नोटिस भी दिए थे। इसमें से सात-आठ पर मरीजों की मौत होने के बाद एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। सील किए गए अस्पतालों में से अधिकांश अपंजीकृत अस्पताल, क्लीनिकों को टीम में शामिल कर्मचारियों ने नोटिस का जबाव आए बिना ही खोल दिया गया है। सील अस्पतालों को खोले जाने की नोडल अधिकारी डा. सर्वेश कुमार को बाद में जानकारी मिल पा रही है। इनको दिए गए नोटिस का जबाव आया या नहीं इसकी जानकारी भी नोडल अधिकारी के पास नहीं रहती है। वर्तमान में वह ही सील अस्पताल शेष रह गए हैं। जिन पर थानों में एफआईआर दर्ज है। इसमें अलीगंज में एक, जैथरा में तीन, अवागढ़ में एक, एटा में दो अपंजीकृत अस्पताल शामिल हैं।

# एक और झोलाछाप डॉक्टर ने ली 47 वर्षीय व्यक्ति की ली जान




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दिन-ब-दिन हो रही एटा जनपद में मौतों का जिम्मेदार कौन एक और झोलाछाप डॉक्टर ने ली 47 वर्षीय व्यक्ति की ली जान सीएमओ एटा के लिए बाप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया पैसा लाओ और रजिस्ट्रेशन ले जाओ आए दिन हो रही मौतों को देखते हुए जनपद में झोलाछाप भी नहीं है बिना जांच पड़ताल के सीएमओ उनको बना देते हैं एमडी दावेदार मृतक के परिजनों ने डॉक्टर पर लगाए गलत दवा और गलत खून चढ़ाने का लगाया आरोप, हालत बिगड़ते देख मौके से फरार हुआ झोलाछाप डॉक्टर हालत नाजुक देख भेज दिया मेडिकल कॉलेज, नगला धनी का रहने वाला है 47 वर्षीय मृतक, युवक मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे लोगों को डॉक्टर ने मृत्यु घोषित किए जाने पर परिजनों ने मृतक व्यक्ति के परिजन शव को लेकर पहुंचे झोलाछाप डॉक्टर की दुकान पर, मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस एटा थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगनपुर का मामला,

# कॉम्पेक्टर साइटों से कचरा उठाने में तेजी लाने के लिए विधायक गोगी, एमसी चीफ ने दो अतिरिक्त हुक लोडर को झंडी दिखाकर किया रवाना

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- ठोस कचरा प्रबंधन में सुधार लाने और स्टैटिक कम्पेक्टर साइटों से समय पर कचरा उठाने को सुनिश्चित करने के लिए लुधियाना पश्चिम के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी और नगर निगम (एमसी) आयुक्त डॉ. शेना अग्रवाल ने सोमवार को नगर निगम जोन डी कार्यालय से दो अतिरिक्त हुकलोडरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हुक लोडर ट्रकों को लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट (एलआईटी) द्वारा लगभग 50 लाख रुपये की लागत से खरीदा गया था और अब विधायक गोगी के प्रयासों से नगर निगम को सौंप दिया गया है। विधायक गोगी ने कहा कि अब कुल सात कम्पैक्टर साइट लुधियाना वेस्ट विधानसभा क्षेत्र में स्थापित की जा चुकी हैं और इन साइटों पर 30 स्टैटिक कम्पेक्टर स्थापित किए जा चुके हैं। आठ हुक लोडर ट्रक अब नगर निगम के पास उपलब्ध हैं, जिनमें दो शामिल हैं जिन्हें अधिकारियों ने सोमवार को हरी झंडी दिखाई थी। विधायक गोगी और नगर निगम आयुक्त डॉ. शेना अग्रवाल ने शहरवासियों से शहर में ठोस कचरा प्रबंधन में सुधार के लिए अधिकारियों का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने निवासियों से खुले स्थानों / भूखंडों और जल निकायों में कचरा डंप करने से रोकने की अपील की। इसके अलावा, निवासियों से आग्रह किया गया है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को बंद करें। अधिकारियों ने लोगों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर कचरा संग्रहकर्ताओं को सौंपने की भी अपील की।

# सीटी यूनिवर्सिटी में फार्मेसी एंड हेल्थकेयर जॉब फेयर 2023 का आयोजन

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- सीटी यूनिवर्सिटी ने %फार्मेसी एंड हेल्थकेयर जॉब फेयर 2023% का आयोजन किया। जो छात्रों और प्रमुख कंपनियों को एक साथ लाए ताकि इच्छुक छात्रों और अग्रणी कंपनियों के बीच की खाई को पाटा जा सके और पढ़ाई के साथ-साथ अच्छी नौकरियां प्रदान की जा सकें। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय कौशल (एमडी, डीन एकेडमिक/ प्रोफेसर और फार्माकोलॉजी विभाग के प्रमुख, दयानंद मेडिकल कॉलेज, लुधियाना) विशेष रूप से शामिल हुए। जॉब फेयर में उत्तर भारत के विभिन्न कॉलेजों के 350+ से अधिक उत्साही छात्रों की प्रभावशाली भागीदारी देखी गई। मेले में स्कॉट-एडेल ग्रुप, माइक्रोलैब्स, लेंसकाट.कॉम, गोहेल्थी, मैकलियोड्स फार्मा, मेरिल एंडो-सर्जरी प्राइवेट सहित 40 प्रमुख कंपनियां शामिल हुईं। लिमिटेड, और कई अन्य नाम शामिल हैं। जिन्होंने 100+ छात्रों को अपनी कंपनी के लिए चुना। सीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर चरनजीत सिंह चन्नी ने इस आयोजन के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए अच्छी नौकरी पाने का एक अच्छा अवसर है।

मुख्य अतिथि डॉ. संजय कौशल ने कहा कि जॉब फेयर 2023 में छात्रों द्वारा प्रदर्शित अविश्वसनीय प्रतिभा और समर्पण को देखना सम्मान की बात है। यह मंच छात्रों के लिए स्वास्थ्य सेवा उद्योग में अपना रास्ता बनाने और सार्थक प्रभाव डालने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कार्य करता है। इस अवसर पर निदेशक कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर राजेश कपूर; प्रबंधक कॉर्पोरेट संसाधन अदिति; स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के प्रमुख डॉ. वीर विक्रम; एसोसिएट डीन, स्कूल ऑफ हेल्थकेयर एंड पैरामेडिकल साइंसेज प्रो.(डॉ.) उस्मान खान; छात्र कल्याण विभाग के उप निदेशक ई.आर. दविंदर सिंह, शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के सबूत मांगने के लिए दिल्ली पुलिस की एडवोकेट एन के छिबड़ द्वारा निंदा

सत पाल सोनी-क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स (आई ए एल) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट एन के छिबड़ ने महिला पहलवानों से वीडियो और फोटो के रूप में छेड़छाड़ के सबूत पेश करने की मांग के लिए दिल्ली पुलिस की निंदा की है। यह पूरी तरह से ऐसी स्थिति की शिकार हुई महिलाओं के कानूनी अधिकारों के खिलाफ है। यह सर्वविदित है कि छेड़खानी या बलात्कार के मामलों में कभी भी कोई वीडियो या फोटो उपलब्ध नहीं होता है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस पर निर्देश दिए गए हैं। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने केपीएस गिल बनाम पंजाब राज्य मामले में एक निर्णय पारित किया था कि पीड़िता का एक अकेला बयान अपराध गठित करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली पुलिस भारत के संविधान के बजाय आरोपियों की रक्षा करने के लिए तत्पर है।

# नेहरू युवा केंद्र लुधियाना द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का किया आयोजन

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना- नेहरू युवा केंद्र लुधियाना ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत भारत के प्रधान मंत्री द्वारा दिए गए पंच प्राणों से प्रेरणा लेते हुए आजादी दा अमृत महोत्सव के तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रवनीत सिंह बिट्टू शामिल हुए। उन्होंने आयोजन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा शक्ति की भावना से स्वतंत्रता के अमृत का उत्सव मनाना तथा जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न आयोजनों में युवाओं को शामिल कर देशभक्ति की भावना और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को मन में जगाना है। इस अवसर पर दविंदर सिंह लोटे, एडी, युवा सेवाएं, पंजाब, गुरिंदर सिंह, एमडी, जीआरडी. ट्यूटोरियल के अलावा, चरणजीत सिंह, राज्य निदेशक, आरसीटी पंजाब, अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी रश्मीत कौर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए युवा उत्सव की जानकारी देते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए बहुत अच्छा मंच है,और यह भी बताया कि प्रथम पुरस्कार विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला रोजगार ब्यूरो, कृषि विभाग, डीआईसी, पीएमकेवीवाई, आरएसईटी सहित विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सूचना एवं लाभ के स्टॉल लगाए गए। सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने सभी स्टालों का दौरा किया और पंजाब के युवाओं को प्रत्येक के महत्व के बारे में बताया। जिला युवा पदाधिकारी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी टीम व अन्य साथियों का धन्यवाद किया।

# पेयजल किल्लत समाधान हेतु दर्जनों वार्डवासी ने विकास भवन और मुख्य विकास अधिकारी से निराकरण की माँग रखी

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



भीमताल -भीमताल नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड 6 को जाने वाले 4 दर्जनों परिवारों को जोड़े सार्वजनिक मार्ग बाईपास प्रेम राम के घर से राज कमल के घर तक व किशोर कुमार के घर से भूमिया मंदिर कुआं ताल तक दोनों रास्तों के मिलन पॉइंट तक बिल्कुल जर्जर दैनिय स्थिति में बिखरे पड़े हैं , स्थानीय लोगों का कहना है ये दोनों रास्ते पिछले 3 दशक से निर्माण की मांग कर रहे स्थानीय लोगों, बुजुर्गों एवं बच्चों को रोज इन रास्तो में आने-जाने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लोगों ने कई बार नगर पंचायत से मांग की किन्तु निर्माण कार्य की आज तक कोई शुरुआत नहीं हुई जिससे सभी वार्ड वासियों में रोष व्याप्त है, ऐसा ही हाल वार्ड में पिछले 30 सालों से पीने के पानी का है लोग दूर दराज जल स्त्रोतो से सर में ढोकर अपना जीवन गुजर कर रहे हैं जबकि नगर क्षेत्र में होने के बाद भी क्षेत्र का ये हाल है,

इन माँगों को लेकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी के नेतृत्व में वार्ड वासी मुख्य विकास अधिकारी के पास विकास भवन पहुचें और वार्ड के सभी सार्वजनिक मार्गों के निर्माण एवं पेयजल समस्या को हल करने के लिए वार्ड परिवारों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को दर्जनों लोगों के साथ पेश किया और सीडीओ से समस्याओं को हल करने की माँग रखी द्य मांग करने वालों में गोपाल राम, महेश चंद्र, विक्रम कुमार, बच्ची राम, आशा देवी, शबाना, मीना, विमला देवी, शहजाद अली, सरफराज, राज कमल, विमल कुमार आदि थे

# प्रत्येक शासकीय कामिक अपने कार्यों को पूरी श्रद्धा एवं ईमानदारी से करें -राज्यपाल

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



नैनीताल राजभवन, नैनीताल में राजभवन में तैनात समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों हेतु परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस परिवार मिलन कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्मिकों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक कार्मिक एवं उनके परिवार की सदस्य की व्यक्तिगत एवं कार्यालयी समस्याओं के बारे में जाना। इस दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा राज्यपाल को कई समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर राज्यपाल द्वारा समस्याओं के निदान का आश्वासन देते हुए दिए गए सुझावों पर अमल करने की बात कही। राज्यपाल ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि राजभवन में कार्य करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एक परिवार के रूप में हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्य की समस्या मेरी समस्या है जिनका निदान करना मेरी प्राथमिकताओं में रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक शासकीय कार्मिक अपने कार्यों को पूरी श्रद्धा एवं ईमानदारी से करें। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों में उत्कृष्टता और अपने उत्तरदायित्वों के प्रति खरा उतरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा की इस वर्ष का गवर्नर्स गोल्फ टूर्नामेंट सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से सफल संचालित हुआ है, इसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी गुरमीत कौर, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, मेजर तरुण कुमार, कॉम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, प्रोटोकॉल अधिकारी संतोष सकलानी सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

# गोला गेट के डंपर स्वामी ने क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश को ज्ञापन सौंपा

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



हल्द्वानी - पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में शीशमहल गौला गेट के डंपर स्वामी अपनी समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश से मिलकर ज्ञापन सौंपा और कहा कि गोला से जुड़े डंपर स्वामियों का पुलिस द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है शीशमहल गौला गेट के डंपर सुबह के वक्त क्रेशर ओं को जाते हैं लेकिन सुबह 4ः00 बजे के वक्त गन्ना सेंटर चौराहा के पास पुलिस द्वारा ओवरलोड बताकर 500 और ?200 का चालान किया गया जबकि उत्तराखंड सरकार द्वारा 108 कुंटल तक खनन की अनुमति दी गई है और डंपर स्वामी तय मापदंडों के अनुसार ही खनन करते हैं और पुलिस द्वारा ओवरलोड बताकर गोला से जुड़े डंपर स्वामियों का उत्पीड़न कर रही है और सरकार से मांग करती है ऐसे पुलिस वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जो तय मापदंडों पर चल रहे डंपर स्वामियों का उत्पीड़न कर रहे हैं अन्यथा गाड़ियों को सिलेंडर कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा जबकि बाजपुर रामनगर काशीपुर से ओवरलोड आने वाले वाहनों को नहीं रोका जाता है और जो नियम कानून से चल रहे हैं उनका उत्पीड़न किया जा रहा है यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा विधायक सुमित हृदयेश ने इस संदर्भ में एसएसपी से भी फोन में वार्ता कर आश्वासन दिया की उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाए पूर्व ब्लाक अध्यक्ष व गोला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि जो लोग गोला से जुड़े डंपर स्वामियों का उत्पीड़न कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जो ओवरलोड के नाम पर उत्पीड़न कर रहे हैं उन्हें हटाने की भी मांग और कहा कि एक और सरकार राजस्व बढ़ाने के लिए जून में भी गोला खोल रही है ऐसे में राजस्व कैसे बढ़ेगा जब उत्पीड़न किया जाएगा जबकि खनन से समिति की होने वाली बैठक में पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहता है उसके बाद चालान क्यों किया जाता है क्या अधिकारियों द्वारा थाना चौकियों को निर्देश नहीं दिए जाते हैं खनन समिति के ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट भैरव भट्ट धर्मेंद्र सिंह मेहरा मोहन तिवारी राजेश बिष्ट संतोष कुमार राजकुमार यादव मोनू बिष्ट पूरन सिंह आदि उपस्थित रहे

# नगर पालिका परिषद रानीखेत चिलियानौला ने स्वच्छता सप्ताह का किया शुभारम्भ

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच



रानीखेत- माननीय उच्च न्यायालय एवं शहरी विकास उत्तराखण्ड शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद रानीखेत चिलियानौला अन्तर्गत स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी नागरिकों जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों, संधानों और छात्र-छात्राओं को अपने-अपने निकटवर्ती क्षेत्रों में श्रमदान के माध्यम से गन्दगी से मुक्त करना तथा भविष्य में स्वच्छ रखे जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। बता दे कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पालिका द्वारा महाविद्यालय चिलियानौला से शुभारम्भ करते हुए हैड़ाखान आश्रम, ओपन मार्केट से समस्त टैम्पल साइड होते हुए रोड साइड में चूना एवं नालों की सफाई ब्लीचिंग का छिडकाव चिलियानीला बाजार तक किया जायेगा। पालिका द्वारा डोर-टू-डोर वाहनों पर स्वच्छता अभियान में लोगों को जागरूक करने के लिए लाउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा साथ ही स्वच्छता अभियान सोशल मीडिया सामुदायिक वार्ड स्तर पर बैठक लाउड स्पीकरण प्रिंट एवं इलेक्टॉनिक मीडिया के माध्यम से वृहद प्रचार-प्रसार गया। इसी क्रम मे 12 जून को अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रानीखेत चिलियानौला के नेतृत्व में निकाय वार्ड 04 नया बाजार, वार्ड 02 पुराना बाजार वार्ड-06 हैड़ाखान, वार्ड 03 चिलियानौला बाजार का एक औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में वार्डो के सभासदगणों के साथ-साथ निकाय कर्मचारी एवं पर्यावरण मित्र भी सम्मिलित थे। निरीक्षण के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया एवं जैविक, अजैविक कूड़े को स्त्रोत पर ही पृथक-पृथक कर डोर-टू-डोर में ही डाले जाने के निर्देश के साथ-साथ इधर-उधर ना फेंके जाने हेतु जागरूक किया गया है। नगर के मुख्य मार्गो पर चूना, जगलो मे कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। इस दौरान अध्यक्ष, कल्पना देवी, अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार सक्सेना, मदन सिंह कुवार्बी, अरुण रावत, नवल किशोर पाण्डे सहित सभी सभासद व समस्त नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्याक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा अभ्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने हेतु मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना लागू

राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

हल्द्वानी-अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। मुख्य विकास अधिकारी डा0 संदीप तिवारी ने बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय सिविल सेवा परीक्षा एवं उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड राज्य एवं प्रवर अधीनस्थ सेवा सीधी भर्ती, संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा एवं उच्च न्यायिक सेवा/ प्रान्तीय सिविल सेवा न्यायिक सीधी भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गई है। डा0 तिवारी ने बताया कि आईआईटी, आईआईएम की प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर विद्यार्थियों को 60 हजार की धनराशि मुख्यमंत्री अल्संख्यक प्रोत्साहन योजना के तहत दी जायेगी इसके साथ ही एआईआइ्रएमएस, आइ्रआइ्रएस, आई आइ्रएसए आर, एमसी आई, एनआईटी, बीसीआई की प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर 50 हजार की धनराशि अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को दी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह राशि अल्पसंख्यक समुदाय के उन सफल अभ्यर्थियों को स्वीकृत की जायेगी जिनके माता पिता/अभिभावकों की वार्षिक आय 4.50 लाख से अधिक न हो।

# Ban Anushka Sharma from coming to the stadium', after the defeat in the WTC final, the fans called the actress 'Panauti'

Anushka Sharma Trolled WTC Final The Indian team had to face a crushing defeat at the hands of Australia in the final match of the World Test Championship. After this Virat Kohli's wife Anushka Sharma is being trolled fiercely on social media. The Indian team fell on its face in the final of the World Test Championship. In front of Australia's fast bowlers, Indian batsmen surrendered in both innings. Along with the batsmen, the bowlers were also in a




bad condition. After facing defeat for the second time in a row in the final of WTC, the anger of the fans has erupted on the Indian players. Some users on social media have also targeted Virat Kohli's wife and star actress Anushka Sharma. Some users trolled Anushka saying that when she attends ICC events, India's win percentage remains zero. At the same time, some users talked about banning the star actress from all the stadiums. Along with this, a user called Anushka Panauti for the Indian team. Badly flopped batting order - The performance of Indian batsmen was extremely embarrassing on the fifth day of the WTC final. Virat Kohli, considered to be the biggest hope of the team, went on to score 49 runs, then just one ball after his return to the pavilion, Ravindra Jadeja got out without opening the account. At the same time, after this the team lost wickets at frequent intervals and the entire team was all out after scoring just 234 runs. Team India lost in the final for the fourth time - In the last 10 years, the Indian team had to face defeat in the fourth final of the ICC tournament. Team India had earlier succeeded in reaching the final of the World Test Championship in the year 2021 as well, but then New Zealand shattered the team's dream of becoming the champion. At the same time, in 2017, the Indian team had to face defeat in the final of the Champions Trophy, while India's dream of winning the title in the 2014 T20 World Cup remained incomplete.

# Four moons in the career of KKR player Rinku Singh, Shivam Mavi became the captain of this team

Duleep Trophy 2023 Shivam Mavi will captain the Central Zone in the Duleep Trophy. Rinku Singh, who became the talk of the town in the IPL, has also been included in the Central team. The tournament begins on June 28 and the final will be held on July 16. Uttar Pradesh bowler Shivam Mavi will lead the Central Zone in the Duleep Trophy starting June 28. The team will include Mavi's fellow UP compatriots Rinku Singh, Dhruv Jurel and Saurabh Kumar. Rinku Singh, who played for Kolkata Knight Riders in the Indian Premier League, created a lot of buzz in the 16th season of the IPL. Big chance for Rinku Singh – Rinku hit five



consecutive sixes in the last five balls of the last over to defeat Gujarat Titans, After that he became the subject of discussion. However, after the brilliant performance of Rinku Singh in IPL, there was a demand to include him in Team India. After this, now Rinku has got a chance to join a big team. Northeast Zone Team- Northeast Zone announced that Nagaland's batting all-rounder Rongsen Jonathan will lead the team. Nilesh Lamichhani has been named as the vice-captain in the Northeast Zone squad. A camp will be organized for 11 days from June 12 to 23 at the Nagaland Cricket Association ground. This player included in Sikkim – Sonam Palden Bhutia of Sikkim will be the coach of the North East Zone, while Th. Kamlesh will be the physio of the team. Meghalaya's Vikas S. Chauhan will be the trainer of the team. Dister Marbaniang has been named as the manager while the BCCI has been requested to nominate a performance specialist and masseur. Organizing Duleep Trophy- The final of Duleep Trophy is to be held on 16th July. Please tell that after 2019, Duleep Trophy could not be organized for two years. In Kovid-19, where many cricket tournaments of the world were canceled, its effect on Duleep Trophy was also clearly visible. After 2022, this domestic tournament is going to be organized continuously in 2023.

# These five cricketers, including Warner-Smith, created history, won the World Cup of all three formats

Captain Pat Cummins, David Warner, Steve Smith, Mitchell Starc and Josh Hazlewood were part of the Test trophy winning team. Except Hazlewood, all four Australians were also involved in the playing-11. The Australian team won the trophy by defeating India by 209 runs in the final of the World Test Championship. With this win, the Australian team became the first team to win all the ICC trophies. The Australian team has previously won the ODI World Cup in 1987, 1999, 2003, 2007, 2015, the Champions Trophy in 2006 and 2009, and the T20 World Cup in 2021. However, not only the Australian team but some of its players have also created history. Captain Pat Cummins, David Warner, Steve Smith, Mitchell Starc and Josh Hazlewood were part of the Test trophy winning team. Except Hazlewood, all four Australians were also included in the playing-11. These five have created history by winning all the ICC World Cups. This is the first time that a player has won all three World Cups. All five were part of the Australian team that won the ODI World Cup in 2015. Australian team that won the 2015 ODI World Cup - In the 2015 ODI World Cup, Australia defeated India by 95 runs in the semi-finals and New Zealand by seven wickets in the final played in Melbourne. was defeated by Pat Cummins was not a part of the playing-11 in the final. After this, all five were also part of the Australian team that won the T20




World Cup in Australia in 2021. Then Australia defeated Pakistan by five wickets in the semi-finals and New Zealand by eight wickets in the final. All five were part of the Australian playing-11 in the final played in Dubai. The Australian team that won the 2021 T20 World Cup – now these five have made their team champions in Tests as well. The Australian team also topped the points table in the 2021-23 Test cycle. The Kangaroos defeated India in the final played at the Oval in London. Australia scored 469 runs in the first innings. In response, India's first innings was reduced to 296 runs. After this, Australia declared the second innings by scoring 270 runs for eight wickets and set a target of 444 runs in front of India. However, the Indian team was reduced to 234 runs. Australian team to win the 2023 Test final – Warner scored 43 in the first innings and one in the second innings. At the same time, Steve Smith scored 121 runs in the first innings and 34 runs in the second innings. Apart from scoring 5 and 41, Stark also took four wickets in both innings. At the same time, Pat Cummins took three wickets in the first innings and one in the second innings. Josh Hazlewood could not play the final due to injury. This was the first WTC final for the Australian team, while Team India lost for the second consecutive Test final. Last time he was defeated by New Zealand by eight wickets in Southampton.

